समस्त विधिक औपचारिकताऐं मेरे द्वारा पूर्ण कर ली गई है।

दिनांक 24.12.2024

श्रीमती भूरिया पत्नी जाहिद हसन
निवासी ग्राम भगवानपुर चन्दनपुर
परगना मंगलौर तहसील रूडकी
जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड।

कार्यालय–नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर जिला हरिद्वार

02 जुलाई, 2024 ई0

पत्रांक–1900/उपविधि/न0पा0प0शि0/2020–2021–सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर जिला हरिद्वार द्वारा उ.प्र. नगर विकास अनुभाग–1 के शासनादेश स. 1847/9–9–97–23–ज/97 दिनांक 9 जून 1997 द्वारा संयुक्त लाइसेंस प्रचलित करने हेतु बनायी गयी उपविधि के अनुसार नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298(1) च,छ के अन्तर्गत अधिकारों का प्रयोग करते हुए कार्यालय नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर जिला हरिद्वार की सीमान्तर्गत व्यवसाय करने वाले विभिन्न व्यवसायियों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से एक संयुक्त लाइसेंस उपविधि बनाने का प्रस्ताव किया गया है, जिसे उक्त एक्ट की धारा 300 की उपधारा (1) के अन्तर्गत उन व्यक्तियों जिन पर इसका प्रभाव पड़ने की सम्भावना है, से आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित करने के उद्देश्य से विज्ञप्ति प्रकाशित की जा रही है, इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर प्रशासक/अधिशासी अधिकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर जिला हरिद्वार के नाम से आपत्तियां एवं सुझाव प्रस्तुत किये जा सकते हैं, नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

उपविधियाँ

1 परिभाषा– किसी बात के प्रसंग में प्रतिकूल न होने पर :–

(क) यह उपविधि कार्यालय नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर जिला हरिद्वार की सीमान्तर्गत विभिन्न व्यवसायों के विनियमन हेतु उपविधि कहलायेगी।

(ख) प्रशासक/जिलाधिकारी का तात्पर्य कार्यालय नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर जिला हरिद्वार के प्रभारी अधिकारी/प्रशासक से है।

(ग) अधिशासी अधिकारी से तात्पर्य कार्यालय नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर जिला हरिद्वार के अधिशासी अधिकारी से है।

(घ) नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर जिला हरिद्वार की सीमा से तात्पर्य कार्यालय नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर जिला हरिद्वार की शासन द्वारा निर्धारित सीमा क्षेत्र से है।

(ङ) इस उपविधि के अधीन कार्यालय पालिका परिषद शिवालिक नगर जिला हरिद्वार के अधिशासी अधिकारी लाईसैंसिंग अधिकारी होंगे।

2 यह उपविधि सरकारी गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी।

3 कोई भी व्यक्ति कार्यालय नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर जिला हरिद्वार की सीमान्तर्गत तब तक व्यवसाय नहीं कर सकता जब तक कि निम्न अनुसूची (क) में निर्धारित शुल्क जमाकर लाईसैंस प्राप्त नही कर लेता।

4 प्रत्येक व्यवसायी अथवा उद्यमी को इस उपविधि के अधीन नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर जिला हरिद्वार के कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा करने पर प्रतिवर्ष फरवरी प्रथम सप्ताह से 31 मार्च तक लाईसैंस प्राप्त करना आवश्यक होगा जो आगामी वर्ष के लिए प्रभावी होगा।

5 प्रत्येक ऐसा निर्गत/प्राप्त लाईसैंस एक वित्तीय वर्ष के लिए ही मान्य होगा।

6 लाईसैंस अधिकारी को लाईसैंस निर्गत करने से पूर्व उसके विवेकानुसार व्यवसायिक प्रतिष्ठान का निरीक्षण करने का अधिकार होगा अथवा लाईसैंसिंग अधिकारी द्वारा निर्दिष्ट कर्मचारी, द्वारा व्यवसायिक प्रतिष्ठान की जांच/संस्तुती करने पर ही लाईसैंस निर्गत किया जायेगा।

7 लाईसैंस अधिकारी को अधिकार होगा कि लाईसैंस निर्गत करने से पूर्व खान–पान की सामग्री से सम्बंधित व्यवसायिक दुकान अथवा फल–सब्जी जो नित्यप्रति मानवीय प्रयोग के लिये विक्रय हेतु हो, की स्वच्छता तथा खाद्य पदार्थ व पेय पदार्थ सुनियोजित रूप से साफ सामान व बर्तनों में रखे होंगे जिसमें मक्खियों व धूल के कण आदि हानिकारक पदार्थ एवं कीटाणुओं का प्रभाव न पड़ सके।

8 कोई भी व्यक्ति जो संक्रामक रोग से पीड़ित हो न तो स्वयं व्यवसाय करेगा और न ही कोई व्यवसायी ऐसे किसी व्यक्ति को सेवायोजित करेगा।

9 लाईसैंसिंग अधिकारी को इस उपविधि के अधीन खान–पान से संबंधित व्यवसायिक दुकानों, होटलों, हलवाईयों, सब्जी विक्रेताओं की दुकानों के निरीक्षण के समय पाये जाने वाली गन्दगी के लिए अथवा सड़ी–गली सब्जियों, फलों की दुकानों में रखने व विक्रय करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करने तथा अनुपयोगी पदार्थों को नष्ट करने का अधिकार होगा।

10 प्रत्येक व्यवसायी को चाहिए किवह नगर पंचायत कार्यालय से लाईसैंस प्राप्त करने हेतु प्रत्येक वर्ष फरवरी माह के प्रथम सप्ताह से 31 मार्च तक 5/–रू (पांच रूपया) मूल्य का परिषद कार्यालय से निर्धारित प्रपत्र क्रय कर लाईसैंस हेतु आवेदन करे। लाईसैंस अधिकारी उस पर समुचित जांच उपरान्त लाईसैंस निर्गत/नवीनीकरण के आदेश पारित करेंगे।

11 उपविधि में वर्णित किसी भी पैरा का उल्लंघन किये जाने पर लाईसैंस अधिकारी लाईसैंस धारक के आवेदन पत्र को उस समय तक लम्बित रख सकता है या निरस्त कर सकता है, जब तक कि ऐसे लाईसैंस धारक के आवेदक कर्ता से इस उपविधि के अधीन सफाई स्वच्छता नित्यप्रति खान–पान से संबंन्धित व्यवस्था व सार्वजिक प्रतिष्ठान को पूर्ण रूपेण स्वच्छ रखने आदि की व्यवस्था न की हो अथवा लाइसेंसिंग अधिकारी द्वारा जांच करने पर संबंन्धित दुकानदार द्वारा निर्दिष्टि हिदायतों या सार्वजनिक हित में स्वच्छता आदि व्यवस्था सुनिश्चित रूप से न रखी हो।

12 उपविधि के अन्तर्गत खान–पान से सम्बन्धित व्यवसाईयों, दुकानदारों, व्यक्तियों को दुकान के अगल–बगल व सामने, प्रवेश कक्ष के समीप दुकान/प्रतिष्ठान का कूड़ा व अन्य अनुपयुक्त वस्तुऐं रखने व प्रदर्षित करने का अधिकार नहीं होगा, जो किसी भी दृष्टि से अशोभनीय लगती हो ।

13 उपविधि के अधीन लाइसेंसिंग अधिकारी द्वारा किसी भी दुकानदार व्यक्ति को लाईसैंस न दिये जाने पर एक माह के अन्दर प्रशासन/अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी को सुनवाई हेतु अपील करने का अधिकार होगा।

14 लाईसैंस धारक अपने लाईसैंस का नवीनीकरण 31 मार्च तक नहीं करता है तब उसे लाईसैंस शुल्क पर बिलम्ब शुल्क देय होगा जो निर्धारित लाईसैंस शुल्क का रू0 50.00 होगा।

15 कोई भी व्यक्ति/लाईसैंस धारक अपना व्यवसाय समाप्त करेगा तो वह अपना लाईसैंस निरस्त कराने हेतु 5/–रू. मूल्य का परिषद् कार्यालय से निर्धारित प्रपत्र क्रय कर औचित्य दर्शाते हुए आवेदन करेगा जिस पर लाईसैंस अधिकारी दुकान/प्रतिष्ठान का निरीक्षण कराकर लाईसैंस निरस्त करेगा।

16 इस उपविधि के प्रभावी होने की तिथि से पूर्व स्वीकृत उपविधि में उल्लिखित व्यवसायों/उद्यमों आदि से सम्बंधित पूर्व लाईसैंस दरें स्वतः समाप्त हो जायेगी तथा उनके स्थान पर निम्न अनुसूची (क) में उल्लिखित दरें लागू होगी।

क्र.सं.	विवरण	स्वीकृत दरे
	<u>होटल रेस्टोरेन्ट</u>	
1	होटल लॉजिंग तथा गैस्ट हाउस :–	
	1 से 10 तक शैय्या–	₹ 2,000.00
	11 से 20 तक शैय्या–	₹ 4,000.00
	20 से 30 तक शैय्या–	₹ 6,000.00
	31 से 40 तक शैय्या–	₹ 8,000.00
	41 से 50 तक शैय्या–	₹ 12,000.00
	50 से अधिक शैयया	₹ 15,000.00
	3 सितारा होटल	₹ 10,000.00
	5 सितारा होटल	₹ 15,000.00
	रेस्टोरेन्ट उच्च श्रेणी	₹ 7,000.00
	रेस्टोरेन्ट मध्यम श्रेणी	₹ 4,000.00
	रेस्टोरेन्ट सामान्य श्रेणी	₹ 2500.00

	नर्सिंग होम	
2	नर्सिंग होम 20 बैड तक–	₹ 2,000.00
3	नर्सिंग होम 20 बैड से उपर 50/– प्रति बैड–	₹ 5,000.00
4	प्राइवेट अस्पताल –	₹ 3,000.00
5	पैथालाजी सैन्टर –	₹ 1,000.00
6	एक्स–रे क्लीनिक	₹ 1,000.00
7	डेन्टल क्लीनिक –	₹ 1,000.00
8	प्राइवेट क्लीनिक –	₹ 1,000.00
	परिवहन	
9	आटो रिक्शा दो सीटर –	₹ 500.00
10	आटो रिक्शा चार सीटर –	₹ 500.00
11	आटो रिक्शा सात सीटर(टैम्पो)–	₹ 1,000.00
12	बैट्री चालित ई–रिक्शा–	₹ 300.00
13	मिनि बस/मैजिक	₹ 2,000.00
14	बस –	₹ 2,500.00
15	तांगा	₹ 100.00
16	रिक्शा (मानव चालित)–	₹ 100.00
17	रिक्शा पोलर–	₹ 100.00
18	ठेला/ठेली–	₹ 100.00
19	हाथ ठेला –	₹ 100.00
20	बैलगाड़ी/भैंसा गाड़ी–	₹ 100.00
21	ट्राली–ट्रेक्टर–व्यवसायिक(कृषि सामग्री छोडकर)–	₹ 100.00
22	अन्य चार पहियों के भारी वाहन(जुगाडू व अन्य)– (व्यापारिक उपयोग हेतु सभी वाहन)	₹ 1,000.00
	अन्य व्यवसाय	
23	धुलाई गृह (लान्ड्री)	₹ 250.00
24	ड्राई क्लीनर/कपडो की रंगाई आदि	₹ 500.00
25	फाईनेन्स कम्पनी चिटफन्ड –	₹ 3,000.00
26	इन्श्योरेन्स कम्पनी प्रति शाखा –	₹ 6,000.00
27	फाउन्डिंग इन्जीनीयरिंग इन्डस्ट्रीयल –	₹ 1,200.00
28	बार/ बियर बार	₹ 6,000.00
29	आइस फैक्ट्री–	₹ 1,000.00
30	बिल्डर्स रजिस्टर्ड	₹ 5,000.00
31	देशी शराब प्रति दुकान –	₹ 6,000.00
32	विदेशी शराब प्रति दुकान –	₹ 12,000.00
33	पेट्रोल पम्प/डीजल पम्प थोक(आयल कं.)–	₹ 2,000.00
34	पेट्रोल पम्प/डीजल पम्प फुटकर –	₹ 1,000.00
35	दुकान अन्य पेट्रोलियम उत्पादन –	₹ 500.00
36	परचून की दुकान	₹ 500.00

37	हलवाई की दुकान (मिठाई,नमकीन,चाय)	₹ 500.00
38	भोजनालय–	₹ 500.00
39	इमारती लोहे की दुकान–	₹ 1,000.00
40	इमारती लकड़ी की दुकान–	₹ 1,000.00
41	जूते बिक्री की दुकान –	₹ 500.00
42	फुटकर गल्ला विक्रेता –	₹ 300.00
43	बर्तन की दुकान –	₹ 500.00
44	कपड़े की दुकान(थोक)–	₹ 1,000.00
45	कपड़े की दुकान(फुटकर)–	₹ 500.00
46	सोने,चाँदी के आभूषणों की दुकान–	₹ 600.00
47	पुस्तक कापी व स्टेशनरी की दुकान –	₹ 500.00
48	मेडिकल स्टोर–	₹ 500.00
49	चाय,लस्सी पेय एवं अन्य पदार्थ–	₹ 500.00
50	बीड़ी सिगरेट पान व तम्बाकू की दुकान–	₹ 200.00
51	साईकिल बिक्री व पार्ट्स बिक्री –	₹ 500.00
52	साईकिल मरम्मत की दुकान–	₹ 250.00
53	विसातखाने की दुकान –	₹ 250.00
54	कृषि उपकरणों की दुकान–	₹ 500.00
55	बिजली /इलेकट्रानिक के सामान की दुकान–	₹ 2,000.00
56	खाद्य तेल की दुकान(कोल्हू)	₹ 500.00
57	कृषि खाद तथा पेस्टीसाइड्स की दुकान –	₹ 500.00
58	गल्ले के थोक व्यापारी–	₹ 1,500.00
59	इमारती लकड़ी के थोक व्यापारी–	₹ 2,000.00
60	लकड़ी फर्नीचर के व्यावसायी	₹ 500.00
61	मोटर मरम्मत एवं अन्य वाहन (जहां पर किसी शक्तिशाली–यंत्र का प्रयोग न हो) –	₹ 500.00
62	ईंधन जलाने की लकड़ी के व्यापारी(लकड़ी टाल)–	₹ 500.00
63	पम्पिंग सेट के मरम्मतकर्ता	₹ 300.00
64	चाय की दुकान –	₹ 250.00
65	लाउडस्पीकर किराये पर देने व विद्युत सामान रिपेयरिंग–	₹ 500.00
66	बारबर –	₹ 250.00
67	डीजल, मोबिल ऑयल तथा उनसे बने पदार्थों के विक्रेता–	₹ 500.00
68	खेल खिलौने आदि की दुकान –	₹ 500.00
69	दूध के विक्रेता/खोया बनाने की भट्ठी या दुकान	₹ 1,000.00
70	सीमेंट की दुकान	₹ 500.00
71	दूध डेयरी व घी, मक्खन मलाई विक्रेता–	₹ 1,000.00
72	लोहार की दुकान–	₹ 250.00
73	बढ़ई की दुकान–	₹ 250.00
74	हार्डवेयर की दुकान –	₹ 500.00
75	सब्जी की दुकान	₹ 250.00

76.	फल की दुकान–	₹ 500.00	
77	पी.सी.ओ.–	₹ 300.00	
78	कामन सर्विस स्टेशन–	₹ 1,000.00	
79	धर्म काटा –	₹ 2,000.00	
80	ट्रान्सपोर्ट कम्पनी –	₹ 1,500.00	
81	ठेकेदार किसी भी तरह का कार्य करने वाला–	₹ 1,500.00	
82	रेता,बजरी,प्रतिघाट	₹ 2,500.00	
83	रेता,बजरी फुटकर में बेचने पर –	₹ 1,000.00	
84	ईट फुटकर में बेचने पर –	₹ 500.00	
85	सिनेमा हाल/वीडियो हाल–	₹ 50.00	प्रतिशो
86	सर्कस एक स्थान पर (एक बार के लिए)	₹ 2,500.00	
87	फुल एवं पौधों की नर्सरी–	₹ 500.00	
88	स्टोन क्रेशर –	₹ 10,000.00	
89	सब्जी की दुकान आढत –	₹ 1,000.00	
90	डिश कनैक्शन के वितरणकर्ता	₹ 5,000.00	
91	अन्य सभी प्रकार की दुकानें जो उक्त सूची मे न हो	₹ 250.00	
	<u>पशु पालन</u>		
92	प्रति पशु–	₹ 10.00	
93	मछली–	₹ 1,000.00	
94	मुर्गा पालन(पोल्ट्री फार्म)–	₹ 2,500.00	
95	सुअर पालन–	₹ 1,500.00	
96	कांजी हाउस में बन्द जानवरों पर जुर्माना –	₹ 500.00	
97	प्रतिदिन खुराकी छोटे जानवर (बकरी आदि)–	₹ 10.00	
98	प्रतिदिन खुराकी बड़े जानवर (गाय,भैंस,घोड़ा आदि)–	₹ 250.00	
	<u>नये व्यवसाय</u>		
99	गैस एजेंसी–	₹ 1,000.00	
100	लकडी फर्नीचर शोरूम –	₹ 1,000.00	
101	मोबाईल टावर (प्रति कम्पनी)	₹ 5,000.00	
102	जिम –	₹ 1,000.00	
103	खेल का सामान –	₹ 500.00	
104	शोरूम दो पहिया वाहन –	₹ 1,000.00	
105	शोरूम तीन पहिया वाहन–	₹ 3,000.00	
106	शोरूम चार पहिया वाहन–	₹ 5,000.00	
104	कम्पयूटर सेल एण्ड शोरूम	₹ 1,000.00	
105	कम्पयूटर सर्विस –	₹ 500.00	
106	वाहन फिल्टर(इलैक्ट्रानिक)	₹ 500.00	
107	वाहन फिल्टर साधारण –	₹ 300.00	
108	लडके–लडकियों का हास्टल (प्रति रूम)	₹ 1,000.00	
109	कम्पयूटर स्क्रीन पेन्टिंग व साइन बोर्ड	₹ 600.00	

110	रूई धुनाई की दुकान –	₹ 250.00
111	फेरी (सामान्य मिश्रित)–	₹ 250.00
112	बैंकैट हॉल, मैरिज हॉल–	₹ 5,000.00
113	बुटीक –	₹ 300.00
114	मार्बल/संगमरमर पत्थर/टाईल्स दुकान–	₹ 1,000.00
	कटिंग मशीन के साथ	₹ 1,500.00
115	जूस सेन्टर –	₹ 250.00
116	कचरी मिल–	₹ 600.00
117	अण्डे के थोक व्यापारी –	₹ 600.00
118	अण्डा फुटकर व्यापारी –	₹ 250.00
119	सैनेट्री स्टोर–	₹ 500.00
120	गन्ने का जूस बिक्रेता (छोटा कोल्हू)–	₹ 250.00
121	घडी रेडियो टेप टेलीविजन आदि रिपेयर	₹ 250.00
122	फेरी दो पहिया वाहन द्वारा –	₹ 250.00
	फेरी चार पहिया वाहन द्वारा –	₹ 500.00
123	शराब के गोदाम(वेयर हाउस)–	
	अंग्रेजी–	₹ 25,000.00
	देशी –	₹ 20,000.00
	बीयर–	₹ 15,000.00
124	कोल्ड ड्रिंक्स के थोक व्यापारी –	₹ 3,000.00
125	मिनरल वॉटर थोक व्यापारी–	₹ 500.00
126	पॉलीहाउस प्रति (फ्लोरी कल्चर, नर्सरी)	₹ 1,000.00
127	दुकान गिफ्ट आदि –	₹ 500.00
128	रेता बजरी स्टॉकिस्ट–	₹ 500.00
129	टूर एण्ड ट्रेवल ऐजेन्सी–	₹ 2,000.00
130	निजी शिक्षण संस्थान	
	कक्षा 1 से 5 तक –	₹ 1,000.00
	कक्षा 6 से 8 तक–	₹ 2,000.00
	कक्षा 9 से 10 तक –	₹ 3,000.00
	कक्षा 11 से 12 तक	₹ 5,000.00
	इन्जीनियरिंग कालेज/मेडिकल कालेज,बी0बी0ए,–बी0एड0,अन्य डिप्लोमा डिग्री कोर्स	₹ 10,000.00
131	आभूषण मरम्मत –	₹ 300.00
132	पेईगं गैस्ट प्रति रूम–	₹ 1,000.00
133	ब्यूटी पार्लर –	₹ 250.00
134	टायर विक्रेता –	₹ 500.00
135	गन हाउस –	₹ 1,000.00
136	ग्लास स्टोर –	₹ 5,000.00
137	पटाखों का फुटकर–	₹ 500.00
138	पटाखों के थोक विक्रेता–	₹ 1,000.00

139	फड व्यवसायी प्रति दिन के प्रतिफड/प्रति वर्ष –	₹ 500.00	
140	बर्फ की सिल्ली विक्रेता –	₹ 500.00	
141	डाम/जलाषय के मछली विक्रेता(यदि शहर से गुजरते है)–	₹ 10,000.00	
142	डिस्पोजल सामाग्री विक्रेता –(प्रतिबन्धित सामाग्री को छोडकर–)	₹ 500.00	
143	प्रिन्टिंग प्रेस जिसमें तीन कर्मचारी तक हो–	₹ 1,000.00	
	प्रिन्टिंग प्रेस जिसमें पॉच कर्मचारी तक हो–	₹ 1,500.00	
144	कबाड के गोदाम एक स्थान पर जमा करना:–		
	छोटा गोदाम	₹ 1,000.00	
	बडा गोदान	₹ 2,500.00	
145	एल्युमिनियम से निर्मित सामग्री की दुकान –(सामान पर/विक्रेता–)	₹ 1,000.00	
146	होम एप्लाईन्सेज(टी0वी0 फ्रीज शोरूम इत्यादि)–	₹ 2,000.00	
147	जॉब वर्क–	₹ 3,000.00	
148	पूराने दो पहिया वाहन विक्रेता ओटो डीलर–	₹ 1,500.00	
		₹ 2,500.00	
149	पतंजली उत्पाद विक्रेता –	₹ 500.00	
150	प्ले स्कूल –	₹ 1,000.00	
151	कोचिंग सेंटर–	₹ 500.00	
152	साप्ताहिक पीठ	₹ 2,000.00	प्रतिपीठ
153	पूजा सामग्री विक्रय के फुटकर विकता	₹ 1,000.00	
	पूजा सामग्री के थोक विकेता	₹ 5,000.00	
154	स्टेशनरी की दुकान बडी	₹ 5,000.00	
	स्टेशनरी की दुकान छोटी	₹ 2,500.00	
155	बैक ए0टी0एम0	₹ 10,000.00	
156	प्रार्टी डीलर की दुकान/कार्यालय	₹ 5,000.00	
157	सुपर माल/डिपार्टमेनटल स्टोर	₹ 10,000.00	
158	विभिन्न कम्पनीयो द्वारा अधिकृत/आउटलेट शौरूम	₹ 10,000.00	
159	मसालो के थोक विकेता	₹ 5,000.00	
160	ड्राइफ्रुट के थोक विकेता	₹ 5,000.00	
161	विज्ञापन ऐजेन्सी कार्यालय/दुकान	₹ 2,000.00	
162	संगीत कला केन्द्र	₹ 1,000.00	
163	संगीत उपकरण विकेता	₹ 2,000.00	
164	टेन्ट हाउस	₹ 5,000.00	
165	आर्किटेक्ट/कन्सलटेनट विधि/चार्टेड एकाउन्टेट क0/चार्टेड एकाउन्टेट आदि	₹ 10,000.00	
166	केबिल टी0बी	₹ 10,000.00	
167	मोबाईल मरम्मत/बिकेता,	₹ 5,000.00	
168	मूसा विकेता	₹ 2,000.00	
169	विभिन्न कम्पनीयो द्वारा अधिकृत पेन्ट की दुकान	₹ 5,000.00	
170	कोयला विकता	₹ 2,000.00	
171	बेकरी – भटटा	₹ 5,000.00	

	बेकरी – पावर	₹ 10,000.00
172	विभिन्न प्रकार की फेक्ट्री–जेसे साबुन/सर्फ/दवाईया/इलेक्ट्रानिक उपकरण/चमडा उधोग/स्टेशनरी आदि	₹ 20,000.00
173	आटा चक्की	₹ 2,000.00
174	पशु आहार/दवाइयो आदि के विक्रता	₹ 2,000.00
175	ऊनी वस्त्र आदि के विकेता	₹ 2,000.00
176	इन्टरनेट नेट सेवा प्रदाता एवं विभिन्न प्रकार के मोबाइल	₹ 2,000.00
177	उर्वरक (फर्टीलाइजर) विकेता	₹ 10,000.00
178	वाहन सम्बन्धित सामान/धुलाई सम्बन्धित कार्यशाला	₹ 10,000.00
179	हेन्डलूम की दुकान/शौरूम	₹ 2,000.00
180	बिल्डिंग मेटिरियल सप्लायर/विकेता	₹ 10,000.00
181	भडभुजा	₹ 500.00
182	रजाई गद्दे की भराई एवं मशीन पिराई	₹ 500.00
183	सिलाई सामान के कच्चा माल के थोक विकेता	₹ 2,000.00
	सिलाई सामान के कच्चा माल के फुटकर विकेता	₹ 1,000.00
184	इन्टरनेट टावर	₹ 10,000.00
185	उपरोक्त के अतिरिक्त –	₹ 500.00

दण्ड

यू0पी0 म्युनिस्पैलटिज एक्ट 1916 की धारा 299(1) के अधीन इन उपरोक्त उपविधियों के किसी भी अंश का उल्लंघन होने पर मु0 1000.00 (एक हजार रूपये) मात्र तक अर्थ दण्ड किया जा सकेगा। यदि समयान्तर्गत लाईसैन्स धारक ने लाईसैन्स प्राप्त नहीं किया और उल्लघंन निरन्तर जारी रहा तो प्रथम दोष सिद्ध होने की तिथि से प्रति दिन 25.00 रू0 की दर से अतिरिक्त अर्थ दण्ड दिया जायेगा अर्थ दण्ड वसूलने के विरोध में लाईसेन्स प्राप्त कर्ता को अपनी व्यक्तिगत परेशानी/विपदा व दुकान दीर्धकालिक समय तक के लिये दुखः सुख की व्यवस्था में बन्द पडी रहने की दशा में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा अधिशासी अधिकारी को अधिकार होगा कि ऐसे मामलों में वह अपने विवेक से ऐसे लाईसैन्स धारकों से ऐसी परिस्थिति में दण्ड वसूलें या न वसूलें।

ह0 (अस्पष्ट)

अधिशासी अधिकारी,

नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर।

ह0 (अस्पष्ट)

प्रशासक,

नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर।

कार्यालय–नगर पालिका परिषद् शिवालिक नगर, हरिद्वार

"सार्वजनिक सूचना"

10 मई, 2024 ई0

पत्रांक–1720/उपविधि/न0पा0प0शि0/2020–2021–सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, माननीय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा आवेदन सं0–10/2015 दिनांक 10–12–2015 के आदेश के अनुपालन में एवं नगर पालिका अधिनियम 1916 (यथाप्रवृत्त उत्तराखण्ड राज्य में) की धारा 276 में दिये गये प्राविधानों के अनुसार तथा धारा 298 के खण्ड झ (घ) ञ (घ) में दी गयी उपनियम बनाये जाने की शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा धारा–301 के अन्तर्गत दी गयी शक्ति के अनुसार उपविधि का प्रकाशन कराने हेतु नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर, हरिद्वार द्वारा **"प्रोटोकाल फार सेप्टेज मैनेजमेन्ट"** उपनियम–2024 इस आशय से आपत्ति/सुझाव चाहने हेतु प्रकाशित की जा रही हैं, जिन व्यक्तियों पर इसका प्रभाव पड़ने जा रहा हैं।

अतः लोकहित में सुविधा, सुरक्षा एवं नियंत्रण व विनियमन करने हेतु प्रोटोकाल फार सेप्टेज मैनेजमेन्ट उपनियम–2024 में यदि किसी संस्था, व्यक्ति, व्यक्ति विशेष फर्म उद्योग,को कोई आपत्ति/सुझाव हो तो वे इस विज्ञप्ति की प्रकाशन तिथि से 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर, हरिद्वार में प्रस्तुत कर सकता हैं, समय अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति अथवा सुझाव पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जा सकेगा। जो निम्नवत हैः–

परिभाषा :–

1–संक्षिप्त नाम और लागू होने की तारीख :– यह उपनियम नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर, हरिद्वार "प्रोटोकाल फार सेप्टेज मैनेजमेन्ट" उपनियम– 2022, नियमावली कहलायेगी, जो कि विज्ञप्ति सरकारी गजट उत्तराखण्ड में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी होगी। यह उपनियम नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर, हरिद्वार की सीमा के भीतर लागू होगें।

2–नगर पालिका –नगर पालिका का आशय नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर, हरिद्वार से हैं।

3–अधिशाासी अधिकारी– अधिशासी अधिकारी का आशय नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर, हरिद्वार के कार्य–पालक अधिकारी से हैं।

4–अध्यक्ष– अध्यक्ष का आशय नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर, हरिद्वार के निर्वाचित बोर्ड के अध्यक्ष से हैं ।

5–सेप्टेज मैनेजमेन्ट सेल–सेप्टेज मैनेजमेन्ट सेल का आशय नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर, हरिद्वार में सरकारी सेवा के शासन द्वारा नामित अधिकारियों के समूह की एक गठित इकाई से हैं, जो कि सेप्टेज मैनेजमेन्ट सेल कहलायेगा। जिसके अध्यक्ष, उप जिला अधिकारी हरिद्वार जिला–हरिद्वार होगें तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर हरिद्वार सदस्य सचिव होगें और अधिशासी अभियन्ता पेयजल निगम हरिद्वार, अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान हरिद्वार तथा अधीक्षक, राज्य संयुक्त चिकित्सालय हरिद्वार एवं अवर अभियन्ता, नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर, हरिद्वार नामित सदस्य होगें।

1–प्रसंग :– राष्ट्र का यह अनुभव रहा है, कि सैप्टिक टैंक और अवधीय जो डिजायन से सम्बन्धित है, स्थानीय संस्थानों द्वारा वर्षो से अनुपालन किया जा रहा है, जिसके सफल संचालन हेतु कुशल प्रबन्धन की आवश्यकता है। यह महत्वपूर्ण है, कि नगर में एक उचित वैज्ञानिक प्रबन्ध के मामलों में सेप्टेज तकनीकी का अनुपालन किया जाता है ताकि पर्यावरण की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सेप्टज/ फीकल स्लज सेप्टिक टैकं गढढे शौचालय पर्यावरण नदी एवं अन्य पानी आदि स्रोत को प्रदूषित न करें।

1.1–राष्ट्रीय फीकल स्लज एवं सेप्टज प्रबन्धकीय नीति :–

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु शहरी विकास मन्त्रालय भारत–सरकार ने एक फार्मूला प्रकाशित किया है। राष्ट्रीय फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबन्धकीय नीति वर्ष 2017 में इस दृष्टिकोण के साथ कि समस्त भारतीय शहर और नगर पूर्ण रूप से स्वच्छ तन्दुरूस्त और जीवित बने रहे, एवं अच्छी सफाई भी बनी रहे तथा प्रदूषण से मुक्ति मिल सकें जिसके साथ उन्नत स्थल स्वच्छता सेवा साथ ही फीकल स्लज और सेप्टेज प्रबन्धक, ताकि सार्वजनिक उत्कृष्ट स्वास्थ्य स्तर को अधिकतम प्राप्त किया जा सकें और स्वच्छ वातावरण बना रहे, जिसमें विशेषकर गरीबों पर ध्यान केन्द्रित किया जाये। शहरी नीति का मुख्य उद्देश्य एक स्वस्थ वातारण प्रसन्न प्राथमिकता और दिशा निर्धारित करनी है,ताकि राष्ट्रव्यापी अनुपालन इन सेवाओं का समस्त क्षेत्र में हो सके जैसे कि सुरक्षित और स्थाई सफाई व्यवस्था एकवास्तविकता प्रत्येक आम परिवार के लिये गलियों में नगर में और शहरों में बनी रह सकें।

1.2 उत्तराखण्ड में सेप्टज प्रबन्धक प्रोटोकाल :–

माननीय एन0जी0टी0के आदेश सं0–10/2005 दिनॉक 10–12–2015 में निम्न निर्देश निर्गत किये गये है। जो कि उत्तराखण्ड में सेप्टज प्रबन्ध के सम्बन्ध में है। "उचित प्रबन्ध योजना या प्रोटोकाल तैयार किया जायेगा और राज्य सरकार द्वारा समस्त एजेन्सी द्वारा सूचित किया जायेगा, यह आशान्वित करने के लिये कि सीवरेज की निकासी जो सामान्य सैप्टिक टैक में या बायोडाईजस्टर में एकत्रित की जाती है नियमित रूप से खाली की जाये ओर उसका समुचित प्रबन्ध किया जायें। उसके परिणाम स्वरूप इस प्रकार जो खाद एकत्रित हुई है वह निःशुल्क किसानों को वितरित की जायें। उपरोक्त के अनुपालन में जलापूर्ति एवं सीवरेज अधिनियम 1975/नगर पालिका अधिनियम 1916 शहरी विकास निदेशालय जो कि उत्तराखण्ड जल संस्थान के समन्वय से होगा उन्होंने एक प्रोटोकाल सेप्टिज प्रबंध के तैयार किया है जो कि सचिव शहरी विकास विभाग उत्तराखण्ड सरकार द्वारा सूचित किया गया है। ताकि इसका अनुपालन शहरों/नगरों में हो सकें। आदेश सं0 597/(iv(2)–ष0वि0–2017–50(सा0)/16 दिनॉक 22–05–2017 राज्य का सैप्टिज प्रबन्धन प्रोटोकाल राज्य और शहरों का यह दिग्दर्शन कराता है ताकि वैज्ञानिक सैप्टिज प्रबन्धन बना रहे जो कि एकत्रीकरण,परिवहन,उपचार, सैप्टिज/ फीकल स्लज का निस्तारण और पुनः प्रयोग हो सके। इस प्रकार स्पष्ट दिशा निर्देश इस प्रोटोकाल के है, कि राज्य के शहरी अधिकारियों को इस योग्य बनाया जायें कि वह अपने निकाय में सैप्टिज प्रबन्धन का उच्चीकरण कर सकें ओर परियोजना के पूर्ण विनियोग की पहचान कर सकें इस प्रोटोकाल के प्रभावी कियान्वयन के लिये ओर आन्तरिक विभागीय समन्वय हेतु एक "सेप्टेज मैनेजमेन्ट सैल" का गठन का आयोजन किया गया जिसमें उत्तराखण्ड राज्य सेप्टेज प्रबंधन प्रोटोकोल 2017 के अनुसार नगर पालिका परिषद शिवालिकनगर, हरिद्वार एक सेप्टेज मैनजमेंट सेल (SMC) का गठन करेगा जिनमें निम्नलिखित सदस्य रहेंगे:

क्र0सं0	पद	सदस्य
1	उप जिलाधिकारी हरिद्वार	अध्यक्ष
2	अधिशासी अधिकारी ,नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर, हरिद्वार	सदस्य/सचिव
3	अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान, हरिद्वार	सदस्य
4	सहायक अभियन्ता जल संस्थान, हरिद्वार	सदस्य
5	क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तराखण्ड प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड रूड़की	सदस्य
6	प्रभारी चिकित्साधिकारी, हरिद्वार	सदस्य
7	एस0एम0सी0 के परामर्श हेतु आमंत्रित अन्य तकनीकी विशेषज्ञ	सदस्य

2–नगरीय उपकानून/"फीकल स्लज एवं सेप्टज का नियमितीकरण :– सेप्टेज प्रबन्ध प्रोटोकाल के अनुसार जो शहरी विकास विभाग उत्तराखण्ड सरकार के शा0सं0 – 597/iv (2) – श0 वि0–2017–50 (सा0)/16 दिनॉक 22–05–2017 एवं समस्त लागू होने वाले नियम या कानून या समय–2 पर शासन द्वारा संशोधित नियम या नियमावली नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर, हरिद्वार नियमित ढाँचा रिक्त करने,एकत्र करने,परिवहन और सेप्टेज और फिकल स्लज के परिवहन एवं निस्तारण हेतु जैसा कि वर्णित है। फिकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबन्धन उपनियम के अन्तर्गत जो कि यहॉ स्वीकृत किया जाता है और इसके अनुपालन हेतु नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर, हरिद्वार के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत सूचित किया जाता है।

3–उद्देश्य एवं कार्यक्षेत्र :–इस नियमावली के उद्देश्य एव कार्य निम्नवत है:–

1– निर्माण सैप्टिक टैंक के दैनिक रखरखाव और शौचालय के गढढे परिवहन इलाज ओर सुरक्षित रख रखाव जो कि स्लेज ओर सेप्टेंज से सम्बन्धित है।

2– क्षेत्र के मालिको द्वारा जो कार्य किया जाना है उसको निर्देशित करना जो कि सैप्टिक टैकं ओर शौचालय के गढढे से ओर फिकल स्लज एवं सेप्टेज परिवहन से सम्बन्धित है ताकि वे इन निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित कर सकें।

3– उचित निरीक्षण करना और मशीनरी का अनुपालन ।

4– लागत वसूली सुनिश्चित करना जो कि स्लज और सेप्टेज प्रबन्धन के उचित प्रबन्ध हेतु है।

5– निजि और गैरसरकारी क्षेत्र फिकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबन्ध में सहभागी की सुविधा देना ।

4–एकत्रीकरण परिवहन इलाज ओर सैप्टिज के खुर्द–बुर्द हेतु एक प्रक्रिया अपनाना ।

4–(1)सैप्टिक टैकं ओर सैप्टज/ फीकल स्लज एकत्रीकरण को रिक्त करना :–

क– सैप्टिक टैकं की तली में जो जमा हो गया है, उसको हटाना और एक बार उसको ठीक करना जो कि गहराई में पहुॅच गया है या बार–2 के आखिर में जो डिजायन है जो कोई भी पहले आये,

ख– जबकि स्लज को सुखाना ओर सेप्टिक टैकं में जो द्रव्य है उसको भी सुखाना/मैकेनिकल वैक्यूम टैकंर का उपयोग(जो नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर है)नगरीय प्रबन्ध द्वारा सैप्टिक टैकं का खाली करने हेतु उपयोग किया जाना चाहिये।

ग– सुरक्षा प्रकिया जैसा कि सैप्टेज प्रबन्ध प्रोटोकाल में वर्णित है को सैप्टिक टैकं के खाली करते समय ओर सैप्टेज के परिवहन के समय इस नियम का सख्ती से पालन किया जाना चाहियें।

4(2)सैप्टज/फिकल स्लज का परिवहन :–

1– फिकल स्लज ओर सैप्टज टान्सपोर्टर वाहन के सुरक्षित परिवहन हेतु उत्तरदायी होगें जैसा कि समय–2 पर सैप्टज मैनेजमेन्ट से (एस0एम0सी0) द्वारा स्वीकृत किये जायेगे।

(2)फिकल स्लज और सैप्टज फिकल निर्माता यह आश्वासन देगें कि :–

(अ) पंजीकृत सग्रंह वाहन जिसके अन्तर्गत समस्त उपकरण जो कि परिवहन हेतु प्रयोग किये जायेगें फिकल स्लज ओर सैप्टिंज हेतु जो छिद्र निरोधी होगा ओर फिकल स्लज ओर सैप्टज हेतु तालाबन्द रहेगा। ओर लागू किये जाने योग्य मानदण्ड का अनुपालन करेगें।

(ब) कोई भी टैंक ओर उपकरण जो कि फिकल स्लज ओर सैप्टज हेतु उपयोग में लाया जायेगा वह किसी अन्य वस्तु या द्रव्य को परिवहन हेतु प्रयुक्त नही करेगा।

4(3) सैप्टज का निष्पादन ओर इलाज–राज्य सैप्टज मैनेजमेन्ट प्रोटोकाल के अनुसार नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर, हरिद्वार की अपनी एक ईकाई होगी, जिसके अन्तर्गत पृथक से एक अलग सैप्टेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट का निर्माण किया जायेगा ।

5–सुरक्षा उपाय :–

(1) उचित तकनीकि संयत्र सुरक्षा टियर का प्रयोग करते हुए मल का निस्तारण किया जाना चाहियें ।

(2) फिकल स्लज और सैप्टिज ट्रान्सपोर्टर यह सुनिश्चित करें–

(अ) समस्त मल निस्तारण कर्मचारी उचित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण सैफटीगेयर और यन्त्र जिसके अन्तर्गत कन्धे की लम्बाई तक पूरा कोटेड लियोकिन,लोयस,रबर बूट,चेहरे का मास्क, ऑखों की सुरक्षा हेतु ग्लास या गोगल जैसा कि मैनुयल स्कैवेंजर्स ओर उनके पुर्नवास नियम 2013 में उल्लिखित है।

(ब) समस्त सुरक्षा उपकरण एकत्रीकरण क्षैत्र से पहले अपना लिया जायें।

(स) समस्त मल निस्तारण कार्यकर्ताओ को सुरक्षा गियर और स्वास्थय वर्धक उपकरण के प्रयोग की शिक्षा दी जानी चाहिये।

(द) प्रथम सहायता किट,गैस का पता करने वाला लैम्प ओर अग्निशमन यन्त्र मल निस्तारण गाडी में रखे जाते है,इससे पहले कि यह एकत्रीकरण क्षेत्र में जाता है।

(य) सैप्टिक टैकं पिट लैट्रिन में काम चल रहा है। उस समय धुम्रपान पुर्णतः वर्जित है।

(र) मल निस्तारण कार्यकर्ता सैप्टिक टैंक में ओर शौचालय गढढे में प्रवेश नही करेगें। ओर आच्छादित टैंक को आना जाना रखेगें जो कि इस कार्य का शुरू करने से पहले किया जाना आवश्यक है।

(ल) बच्चों को टैंक के ढक्कन अथवा किट से दूर रखा जायें ताकि वे टैकं के स्क्रू और ताले से सुरक्षित रहे, कर्मचारी सावधान रहेगें जब मल निस्तारण प्रकिया चल रही हो जो कि ढक्कन पर अधिक भार हेतु है या मेन हाल का आच्छादन टूटने से बचा रहे।

6–सेप्टेज खाली करना ओर वाहन के पंजीकरण का परिवहन :–

6.1 नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर, हरिद्वार परिवहन वाहन को दर्ज करेगा ओर इसका लाईसेन्स निर्गत करेगा निजि व्यवसायीयों के लियें जिनके पास मशीनीकरण खाली करना और परिवहन गाडी उपलब्ध हो तो इस प्रकार का लाईसेन्स निर्गत करने से पूर्व यह आशान्वित करेगा यह वाहन उचित उपकरण ओर उचित सुरक्षा माप से सुसज्जित है। तथा मानकों के अनुरूप है सेप्टेज ट्रान्सपोर्टर को अपने वाहन का पंजीकरण कराने हेतु नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर, हरिद्वार के समक्ष अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसके साथ वाहन परमिट प्रपत्र व परमिट प्रपत्र की प्रति प्रार्थना पत्र के साथ सलंग्न करना होगा ।

6.2 नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर, हरिद्वार सीमान्तर्गत कोई भी व्यक्ति या वाहन पंजीकृत सेप्टेज ट्रान्सपोर्टर द्वारा ही प्रयोग किया जायेगा । जो कि एकत्रीकरण परिवहन एवं सेप्टेज के प्रयोजन हेतु अनुमन्य है। जब तक कि इसका पंजीकरण सेप्टेज ट्रान्सपोर्टेशन व्हीकल एस0एम0सी0 के साथ इन प्रोटोकालों में पंजीकृत नही है।

सारणी–1 पंजीकरण व्यय :–

अ–प्रारम्भिक पंजीकरण–	रू0 2,500=00 प्रतिवाहन/गाडी
ब–वार्षिक नवीनीकरण–	रू0 2,000=00 प्रतिवाहन/गाडी
स–नाम परिवर्तन/स्वामित्व का परिवर्तन –	रू0 2,000=00 प्रतिवाहन/गाडी
द–अन्य संशोधन आवश्यकतानुसार–	रू0 1,500=00 प्रतिवाहन/गाडी

(समस्त लागत दर 10 प्रतिशत वार्षिक की दर से बढेगा तथा 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 कर अतिरिक्त देय होगा ।)

7–उपभोक्ता लागत और इसका संचयः–

7.1 इस क्षेत्र के समस्त मालिक जो सेप्टिक टैंक और शौचालय के गढढे जिसका भुगतान उपभोक्ता करेगा जैसा कि नगरपालिका में फीकल स्लज और सैप्टज उपनियम में समय–2 पर दर्शाया गया है। जो कि सेप्टिक टैंक के भरने शौचालय के गढढे,परिवहन और फिकल स्लज एवं सैप्टेज के उपाय हेतु है।

7.2 नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर, हरिद्वार अपनी लागत से संशोधित करेगा जो कि समय–2 इससे सम्बन्धित है। ऐसी उपयोगिता लागत परिवहन फिकल स्लज व सैप्टेज के निष्कासन हेतु है।

7.3 उपभोक्ता लागत क्षेत्र विशेष के स्थायी एकत्र किये जायें जो निम्नवत है।

(ब)– उपभोक्ता लागत प्रत्यक्ष प्रत्येक रूप से नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर, हरिद्वार द्वारा वसूल किया जायेगा या नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर, के कोष में जमा किया जायेगा। जो कि सम्बन्धित भवन/सैप्टिक टैंक मालिक से वसूल किया जायेगा।

(स)– उपभोक्ता लागत को मासिक सिचॉई लागत या सम्पत्ति कर में जोडा जायेगा अथवा एक विशेष नगरीय पर्यावरण फीस भुगतान जैसा कि कार्यक्रम के अन्तर्गत होगा करना होगा।

सारणी–2 उपभोक्ता लागत

नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर, हरिद्वार।

अनुसूची–(क)

क0सं0	भवन का वर्ग	प्रति यात्रा लागत (18 प्रतिशत जी0एस0टी कर अतिरिक्त देय होगा)	विराम या समय की अधिकतम अवधि जो सेप्टिक टैकं एवं शौचालय गढढों की सफाई हेतु निर्धारित है।	मासिक दण्ड 10 प्रतिशत की दर सामान्य लागत के लिये जो कि निर्धारित मल निस्तारण के अनुपालन हेतु होगा–(18 प्रतिशत जी0एस0टी कर अतिरिक्त देय होगा)
1–	टीनशैड वाला मकान	1000=00	कम से कम 2–3 वर्ष मे एकबार जब 2 टैंक होते हे 2/3 भाग जो भी पहले भरा जाये कम से कम प्रत्येक 2 वर्ष में एक बार ।	10%
2–	अन्य समस्त मकान	2500=00		10%
3–	दुकान	2500=00		10%
4–	सरकारी/निजि कार्यालय	2000=00		10%
5–	बैंक	3500=00		10%
6–	सामुदायिक शौचालय/मूत्रालय	3000=00		10%
7–	रेस्टोरेन्ट	2000=00		10%
8–	होटल/गेस्ट हाउस (1–10 कमरे)	3500=00		10%
9–	धर्मशाला(1–25 कमरे)	3500=00		10%
10–	सकारी स्कूल/कालेज	2000=00		10%
11–	निजि स्कूल/कालेज	2500=00		10%
12–	20 व्हीलर व्हीकल शौरूम	2000=00		10%
13–	विवाह हाल/बैकंट हाल	3500=00		10%
14–	बार	3500=00		10%
15–	सरकारी हास्पिटल	3000=00		10%
16–	नर्सिगं होम/क्लीनिक	3000=00		10%
17–	पैथोलाजी लैब	3000=00		10%
18–	निजी अस्पताल 20 बैड तक	3500=00		10%
19–	चावल मिल/अन्य मिल	3500=00		10%

9—दण्ड:—

दण्ड का ढांचा उपकरण रहित/अकार्यशील जी0पी0एस0 प्रणाली निर्धन वर्ग की शिकायतें फिकल स्लज का एकत्र न करना और सैप्टज ईलाज प्लान्ट का/आर0एन0एल0 का रजिस्ट्रेशन न करना सुरक्षित उपाय मल निस्तारण गाडियों को अनुपालन न करना ।

सारणी—3 दण्ड

क्र0 सं0	शिकायत का प्रकार	दण्ड या कार्यवाही प्रपत्र दृष्टया पकडी गई वर्ष में एकवार मल निस्तारण वाहन (18 प्रतिशत जी0एस0टी कर अतिरिक्त देय होगा)	दण्ड या कार्यवाही वर्ष में दोबारा पकडी गयी मल निस्तारण वाहन से सम्बन्धित (18 प्रतिशत जी0एस0 टी0 कर अतिरिक्त देय होगा)	दण्ड या कार्यवाही वर्ष में तीसरे वार पकडी गयी विशेष रूप से मूल निस्तारण वाहन
1—	लोगों की सोचनीय सेवा की शिकायत	2500=00	5000=00	तीन महिने के लिये परमिट सेवा की शिकायत पर परमिट का निरस्तीकरण।
2—	सेप्टेज/फीकल स्लज जैसा कि विशेष कार्य क्षैत्र में	1000=00	6 माह के लिये परमिट को स्थगित करना।	
3—	पंजीकरण न करना/पंजीकरण का नवीनीकरण न करना ।	1000=00	2000=00	आर0 टी0 ओ0 को संस्तुति वाहन के पंजीकरण को निरस्त करने हेतु 3 महीने के लिये परमिट को स्थगितकरना/परमिट का निरस्तीकरण के लिये स्थगित करना।
4—	विशेष सुरक्षा उपायों का पालन न करना	5000=00	10000=00	
5—	GPS जो वाहन पर लगाया गया है उसका कार्य न करना।	5000=00	10000=00	

शास्ति/दण्ड

नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर की सीमान्तर्गत **"प्रोटोकाल फार सेप्टेज मैनेजमेन्ट"** के अनुपालन हेतु माननीय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा आवेदन सं0—10/2015 दिनॉक 10—12—2015 के आदेश के अनुपालन में तथा नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 299 (1) में प्रदत्त अधिकार एवं शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऐसे नगरवासी जो प्रोटोकाल फार सेप्टेज मैनेजमेन्ट की उपविधि की किसी भी धारा का उल्लंघन करेगा अथवा करता हुआ पाया जायेगा, दोष सिद्व पाये जाने पर रू0 5,000=00 (पॉच हजार) का अर्थदण्ड किया जायेगा उल्लघंन निरन्तर जारी रहा तो प्रथम दोष सिद्व होने की स्थिति में रू0 5,000=00 (पॉच हजार) के अतिरिक्त प्रतिदिन रू0 100=00 (एक सौ) तथा **(18 प्रतिशत जी0एस0टी कर अतिरिक्त देय होगा)** की दर से अतिरिक्त अर्थदण्ड आरोपित किया जायेगा। अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्व न्यायालय में वाद दायर किया जायेगा। उस पर होने वाले समस्त व्ययभार हर्जे—खर्चे की वसूली भू—राजस्व की भॉति वूसल की जायेगी। विवाद होने की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र जिला—रोशनाबाद, हरिद्वार होगा ।

ह0 (अस्पष्ट)

अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद
शिवालिकनगर, हरिद्वार।

ह0 (अस्पष्ट)

प्रशासक,
नगर पालिका परिषद
शिवालिकनगर, हरिद्वार।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् पुरोला, (उत्तरकाशी)

भाग–1: अधिनियम (Regulations)

उत्तराखण्ड राज्य सेप्टेज प्रबन्धन प्रोटोकोल 2017 अनुसार

फीकल स्लज और सेप्टेज प्रबन्धन (एफ.एस.एस.एम.) अधिनियम

नगर पालिका परिषद् पुरोला

27 जुलाई, 2024 ई0

पत्रांक–129/न0पं0पु0/प्रेस/2024–25–प्रभारी सचिव उत्तराखंड शासन द्वारा निर्देशनुसार (Letter No. 597/IV (2) के अनुसार–शा0 वि0–2017–50 (सा0) 16 दिनांक 22 मई, 2017), और उत्तराखंड राज्य के संबंधित कानूनों के अनुसार, नगर पालिका परिषद् पुरोला इसके द्वारा अपने अधिकार–क्षेत्र में फीकल स्लज और सेप्टेज प्रबंधन (एफ.एस.एस. एम.) (FSSM) सुव्यवस्थित करने के लिए निम्नलिखित अधिनियम बनाता है :–

1. शीर्षक, विस्तार और प्रारंभ

यह अधिनियम नगर पालिका परिषद् पुरोला स्लज और सेप्टेज प्रबंधन (एफ.एस.एस.एम) अधिनियम, 2024" कहलाएँगे। ये (नगर पालिका परिषद् पुरोला) के अधिकार-क्षेत्र में / पर लागू होंगे।

यह अधिनियम दिनांक 01-06-2024 से प्रभावी हो जाएंगे

2. अधिकार

यह अधिनियम निम्नलिखित कानून के प्रावधानों को कार्यान्वयन में लाने के लिए सक्षम करता है:

a) उत्तराखंड राज्य सेप्टेज प्रबंधन प्रोटोकोल, 2017
b) राष्ट्रीय नीति फीकल स्लज और सेप्टेज प्रबंधन (एफ.एस.एस.एम), 2017
c) CPHEEO मैनुअल ऑन सीवरेज एंड सीवेज मैनेजमेंट, 2013
d) मॉडल बिल्डिंग उपनियम, 2016 और अन्य लागू बिल्डिंग कोड
e) मैनुअल स्कैवेंजर्स (हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों) के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013
f) IS Code 2470 Part I & II, 1985 (Reaffirmed 1996) - Code of Practice for Installation of Septic Tanks (सेप्टिक टैंक की स्थापना के लिए अभ्यास संहिता)
g) केंद्रीय कानून, नियम और विनियम (पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986)
h) जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974
i) उत्तराखंड के समस्त राज्य कानून पानी और स्वच्छता से संबंधित

3. विषय क्षेत्र

यह अधिनियम नगर पालिका परिषद् पुरोला की प्रशासनिक सीमा के भीतर FSSM में लगे सभी हितधारकों के लिए लागू है –ऑनसाइट सैनिटेशन सिस्टम (ओ.एस.एस) (OSS) के स्वामी और उपयोगकर्ता, डीस्लजिंग और सेप्टज ट्रांसपोर्टेशन आपरेटर, सेप्टेज उपचार और निपटान के लिए जिम्मेदार सभी एजेंसियां, शहरी स्थानीय निकाय, सेप्टेज मैनेजमेंट सेल (एस.एम.सी) – समेत ।

यह अधिनियम नगर पालिका परिषद् पुरोला में स्थित सभी भवनों पर लागू होगा चाहे सार्वजनिक या निजी, आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत, औद्योगिक, प्रस्तावित, नियोजित या मौजूदा ।

4. सेप्टेज मैनेजमेंट सेल (एस.एम.सी) (SMC)

उत्तराखंड राज्य सेप्टेज प्रबंधन प्रोटोकोल 2017 अनुसार, नगर पालिका परिषद् पुरोला एक सेप्टेज मैनेजमेंट सेल (SMC) का गठन करेगा जिनमें निम्नलिखित सदस्य रहेंगे :

S.No.	पद	सदस्य
1.	सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट (SDM Purola)	अध्यक्ष
2.	अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् पुरोला	सदस्य सचिव
3.	उत्तराखंड जल संस्थान के प्रतिनिधि (A.E. के पद से नीचे नहीं)	सदस्य
4.	उत्तराखंड पेयजल निगम के प्रतिनिधि (A.E. के पद से नीचे नहीं)	सदस्य
5.	राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि	सदस्य
6.	स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि	सदस्य
7.	अन्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया जा सकता है जो SMC को तकनीकी सलाह प्रदान कर सके	सदस्य

नगर पालिका परिषद् पुरोला और SMC इस अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे तथा इसके अंर्तगत संचालन की निगरानी करेंगे और (non-complying actors) पर पेनल्टी लगा सकते हैं । इस अधिनियम में निर्धारित कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए SMC की बैठक समय-समय पर आहूत की जाएगी । अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् पुरोला, जो सदस्य सचिव हैं, SMC बैठक बुलाएँगे ।

SMC की निगरानी जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता वाली निगरानी समिति (Monitoring Committee) द्वारा की जाएगी, जैसा कि उत्तराखंड राज्य सेप्टेज प्रबंधन प्रोटोकोल 2017 में उल्लिखित है।

5. ऑनसाइट सैनिटेशन सिस्टम (ओ.एस.एस) (OSS) का निर्माण और रखरखाव

यह खंड ऑनसाइट सैनिटेशन सिस्टम (OSS) (जैसे कि सेप्टिक टैंक, गड्ढे, वयो-डाइजेस्टर आदि) के निर्माण और रखरखाव में विभिन्न हितधारकों के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की रूपरेखा देता है।

5.1. नगर पालिका परिषद् पुरोला में स्थित घरों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों और अन्य संस्थानों में ऑनसाइट सैनिटेशन सिस्टम (OSS) के स्वामी के कर्तव्य और ज़िम्मेदारियाँ:

5.1.1. सेप्टिक टैंक/OSS का डिजाइन और निर्माण

- स्वामी यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके परिसर के शौचालयों में सोख गड्ढे के साथ सेप्टिक टैंक (septic tank with soak pit) या अन्य OSS का ठीक से निर्माण किया गया है, जैसा कि IS Code 2470 भाग I & II, 1985 (Reaffirmed 1996) और CPHEEO मैनुअल, 2013 में उल्लिखित है। (देखें अनुबंध G)
- स्वामी यह सुनिश्चित करेंगे कि OSS का समुचित कार्य हो रहा है ताकि मल या अपशिष्ट का स्राव, रिसना, रिसाव या अन्यथा बचने से पर्यावरण को कोई प्रदूषण न हो । इसके लिए OSS की समय-समय पर मरम्मत का काम (repair or retrofitting) मालिक द्वारा किया जाएगा।
- स्वामी यह सुनिश्चित करेंगे कि OSS में छत का पानी, सतह-पानी, रन-ऑफ (run-off) या बारिश का पानी प्रवेश नहीं करेगा।
- स्वामी यह सुनिश्चित करेंगे कि OSS से अपशिष्टों (effluents) का सुरक्षित निपटान सोख गड्ढों या सीवर नेटवर्क के माध्यम से किया जाए।

5.1.2. OSS का खाली कराना (डीस्लजिंग) (desludging)

- स्वामी यह सुनिश्चित करेंगे कि OSS को नियमित रूप से खाली कराएँ (तीन साल में कम से कम एक बार या टैंक दो-तिहाई भरा हो, जो भी पहले हो)।
- स्वामी नगर पालिका परिषद् पुरोला को सूचित करेंगे जब सेप्टिक टैंक या containment unit की सफाई करनी है।
- जहाँ स्वामी निजी डीस्लजिंग ऑपरेटर की सेवाएँ ले रहे हैं, वे केवल उन ऑपरेटरों की सेवा लेंगें जिनके पास FSSM सेवाएँ प्रदान करने के लिय नगर पालिका परिषद् पुरोला द्वारा जारी परमिट या लाइसेंस है।

5.1.3. उपभोक्ता शुल्क का भुगतान

- स्वामी (नगर पालिका परिषद् पुरोला) या लाइसेंस-युक्त निजी ऑपरेटरों द्वारा FSSM सेवाओं के लिए उपभोक्ता शुल्क का उचित और समय पर भुगतान सुनिश्चित करेंगे, जैसा कि SMC द्वारा तय किया गया है और बाद में (नगर पालिका परिषद् पुरोला) द्वारा अधिसूचित किया गया है।

5.2. नगर पालिका परिषद् पुरोला के कर्तव्य एवं ज़िम्मेदारियाँ

5.2.1. नगर पालिका परिषद् पुरोला में स्थित सभी OSS (septic tank, pits, biodigester etc) की रजिस्ट्री

- नगर पालिका परिषद् पुरोला अपने अधिकार क्षेत्र में निर्मित सभी OSS के एक रजिस्टर बनाए रखेगा, जिसमें सभी विवरण होंगे जैसे कि स्वामी का नाम, GPS स्थान, OSS का प्रकार, आकार और स्थिति, खाली करने की आवृत्ति आदि जैसा कि उत्तराखंड राज्य सेप्टेज प्रबंधन प्रोटोकोल 2017 में उल्लिखित है। इसके लिए नगर पालिका परिषद् पुरोलासर्वेक्षण या अन्य तरीकों का उपयोग कर सकता है।
- सभी नए निर्माणों को शामिल करने के लिए OSS की रजिस्ट्री को अपडेट किया जाएगा ।

5.2.2. OSS का उचित निर्माण और डिजाइन सुनिश्चित करना

- नगर पालिका परिषद् पुरोला अपने अधिकार-क्षेत्र में पंजीकृत नए निर्माणों को केवल तभी अनुमोदित करेगा जब OSS का निर्माण IS Code 2470 भाग I और II और CPHEEO मैनुअल में निर्धारित मानकों के अनुसार है । यदि उल्लंघन हैं, (नगर पालिका परिषद् पुरोला) दोषपूर्ण निर्माण के मालिकों को नोटिस जारी करेगा ।
- नगर पालिका परिषद् पुरोला, जहाँ संभव हो, OSS को डिजाइन विनिर्देशों के अनुरूप में लाने के लिए रेट्रोफिटिंग (retrofitting) के लिए प्रोत्साहन प्रदान करेगा ।

5.3. SMC के कर्तव्य और ज़िम्मेदारियाँ

- SMC नगर पालिका परिषद् पुरोला को समय-समय पर निगरानी करने के लिए निर्देशित करेगा यह सुनिश्चित करने के लिए कि OSS का उचित रखरखाव हो ।
- SMC समय-समय पर सभी FSSM से संबंधित गतिविधियों की निगरानी करेगा जैसा कि उत्तराखंड राज्य सेप्टेज प्रबंधन प्रोटोकोल 2017 में उल्लिखित है ।

6. मल और सेप्टेज का खाली करवाना और परिवहन

यह खंड हितधारकों के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को रेखांकित करता है ताकि नगर पालिका परिषद् पुरोला में स्थित OSS रोकथाम इकाइयों (containment units) से मल और सेप्टेज (FSS) का उचित संग्रह/खालीकरन हो सके तथा उ,चार और सुरक्षित निपटान / पुनः उपयोग के लिए, इसका निर्धारित साइटों (designated sites/treatment facility) तक सुरक्षित परिवहन हो सके।

6.1. FSS के संग्रह और परिवहन में (नगर पालिका परिषद् पुरोला) के कर्तव्य और जिम्मेदारियाँ

6.1.1. डीस्लजिंग (Desludging) और सेप्टेज परिवहन वाहनों का लाइसेंसिंग और पंजीकरण

- नगर पालिका परिषद् पुरोला अपने अधिकार-क्षेत्र में उचित पंजीकरण /लाइसेंस /परमिट के बिना कोई भी डीस्लजिंग और सेप्टेज परिवहन ऑपरेटर को काम करने की अनुमति नहीं देगा ! इसमें निजी-स्वामित्व के साथ-साथ सरकार के वाहन भी शामिल हैं (नगर पालिका परिषद् पुरोला, Jal Santhan आदि)। इसके अलावा यह नगर पालिका परिषद् पुरोलाके बाहर से आने वाले वाहनों (दोनों निजी और सरकारी) पर लागू होता है।
- (नगर पालिका परिषद् पुरोला) डीस्लजिंग और सेप्टेज परिवहन ऑपरेटरों को अपने अधिकार-क्षेत्र में संचालित करने के लिए लाइसेंस /परमिट प्रदान करेगा । राज्य FSSM प्रोटोकॉल में उल्लिखित और SMC द्वारा अधिसूचित अनिवार्य तकनीकी, प्रशासनिक और सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने वाले ऑपरेटरों को ही लाइसेंस /परमिट दिए जाएँगे (अनुबंध B देखें)।
- नगर पालिका परिषद् पुरोला के बाहर से आने वाले ऑपरेटरों को भी (दोनों निजी और अन्य नगर पंचायत पुरोला, जल संस्थान आदि के स्वामित्व वाले) अपने उद्भव के नगर पालिका परिषद् पुरोला (नगर पालिका परिषद् पुरोला of origin) द्वारा लाइसेंस प्राप्त होना है, यदि उन्हें नगर पालिका परिषद् पुरोला के भीतर संचालन की अनुमति प्राप्त करनी है । नगर पालिका परिषद् पुरोला ऐसे वाहनों के प्रवेश की एक लॉग-बुक (log book) बनाए रखेगा। नगर पालिका परिषद् पुरोलामें इन वाहनों के संचालन की शर्तें SMC द्वारा उचित परामर्श प्रक्रिया के माध्यम से तय की जाएंगी।
